तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 27 नवंबर 2024

10 संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर विद्यार्थियों ...

11 अमृत सरोवरों में हुआ संविधान की उद्देशिका का पठन




## खबर संक्षेप



### खाली दुकानों का जल्द निविदा प्रक्रिया पूरा करें : साहू

**जगदलपुर।** आयुक्त निर्भय कुमार साहू मंगलवार को शहर के गोलबाजार एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी व्यवसायिक परिसर का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सुबह गोलबाजार क्षेत्र का दौरा कर चल रहे कार्यों की अधिकारियों से जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी व्यावसायिक परिसर पुराना बस स्टैंड का भी दौरा कर परिसर के पार्किंग स्थल को तत्काल दूरस्त करते समस्या को दूर करने कहा। साथ ही परिसर के दुकानों का निरीक्षण कर खाली पड़े शेष दुकानों का जल्द निविदा प्रक्रिया करने का निगम राजस्व विभाग को निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा सभी कार्य तय सीमा में कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस दौरान प्रभारी कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज, उप अभियंता अशोक कोराम, राजस्व विभाग के राकेश यादव व अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### मुंबई आतंकी हमले के शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि



**फरसगांव।** 26 नवंबर 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों की मंगलवार को 16 वीं बरसी थी। नगर में हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी गई। नगर के अमित एंटरप्राइजेस दुकान में दुकान संचालक और अल्ट्राटेक सीमेंट डीलर अमित जायसवाल , पार्षद विजय लांगड़े, जिला सदस्य शिवलाल मंडावी, सीमेंट कंपनी के अधिकारी कर्मचारी एवं फरसगांव क्षेत्र के राजमिस्त्री संघ के सदस्यों की उपस्थिति में मोमबत्ती जलाकर शहीदों को याद कर 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई । वही नगर के अखिल भारतीय भूतपूर्व सैनिक सेवा परिषद इकाई फरसगांव के भूतपूर्व सैनिकों एवं प्रशिक्षण ले रहे नौजवानों द्वारा नगर पंचायत कार्यालय के सामने मोमबत्ती जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी मांग व समस्याएं



**कोण्डागांव।** कलेक्टर दुदावत ने जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणजनों के विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक जांच के पश्चात कार्यवाही हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर डीएफओ, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कड़ी मेहनत से प्लाटून कमांडर बना नक्सल प्रभावित क्षेत्र का युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा


सुकमा जिला के कोंटा ब्लॉक के सोड़ी देवा ने अपनी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से प्रशासनिक क्षेत्र में स्थान प्राप्त किया है। उनके जीवन में आए कई संघर्षों और कठिनाइयों के बावजूद, उन्होंने सुकमा के युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। माओवाद प्रभावित क्षेत्र के युवा ने पढ़ाई और करियर को नई दिशा दी। एसआई भर्ती 2021 में चयनित होकर प्लाटून कमांडर बना। माओवाद प्रभावित क्षेत्र से सोड़ी देवा सहित अन्य अभ्यर्थियों ने यह सिद्ध किया है कि यदि लगन और परिश्रम हो, तो कठिनाइयां किसी भी मंजिल को पाने से नहीं रोक सकती। सक्षम संस्था और जिला प्रशासन का सहयोग न केवल उनकी सफलता का आधार बना बल्कि अन्य युवाओं के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत भी रहा। सोड़ी देवा मूलतः कोंटा ब्लॉक सुकमा जिले के करीगुंडम गांव के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि माओवाद गतिविधियों के चलते उनके परिवार को अपने मूल स्थान को छोड़कर कोंटा में बसना पड़ा। इसके बावजूद अपनी शिक्षा जारी रखी और प्राथमिक शिक्षा बालक आश्रम दोरनापाल में प्राप्त की। माध्यमिक शिक्षा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंटा से पूरी की और फिर छत्तीसगढ़ शासन की प्रयास संस्था के माध्यम से हायर सेकेंडरी परीक्षा उत्तीर्ण की। आगे चलकर उन्होंने जेईई मैन्स और एडवांस परीक्षा पास की और आईआईआईटी नया रायपुर से कंप्यूटर साइंस में बीटेक की डिग्री प्राप्त की।

## कठिनाइयों से भरी रही यात्रा, सपनों को दी ऊंची उड़ान और सोड़ी देवा ने पाई सफलता

### सक्षम संस्था का योगदान

देवा का कहना है कि जिला प्रशासन सहित सक्षम संस्था के शिक्षकों, टीकेन्द्र चन्द्राकर, योगेन्द्र सिन्हा, और दिलीप मार्कण्डे और स्टॉफ का उनके सफर में बड़ा योगदान रहा। उन्होंने जिला प्रशासन सुकमा और सक्षम संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया है, जो आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग प्रदान कर रही है। देवा ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया कि सक्षम संस्था का संचालन लगातार जारी रहे ताकि अन्य युवा भी इस सुविधा का लाभ लेकर अपने सपनों को साकार कर सकें। सक्षम संस्था के कारण जिले के कई युवा प्रशासनिक क्षेत्र में चयनित होकर परिवार और जिले का नाम रोशन कर रहे हैं।





### प्रशासनिक क्षेत्र में जाने का था सपना

सोड़ी देवा ने बताया कि उनका सपना प्रशासनिक क्षेत्र में जाकर समाज सेवा करने का था। इसी उद्देश्य से उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा संचालित सक्षम कोचिंग संस्था में तैयारी शुरू की। इस संस्था में सीजी व्यापम और सीजीपीएससी की तैयारी के लिए निःशुल्क आवासीय सुविधा और लाइब्रेरी प्रदान की जाती है, जहां प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबें उपलब्ध हैं। एसआई भर्ती परीक्षा में शारीरिक दक्षता का एक महत्वपूर्ण स्थान होता है। सोड़ी देवा को पुलिस प्रशासन सुकमा द्वारा विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे उन्हें परीक्षा में मदद मिली। फुटबॉल खिलाड़ी होने के नाते उन्होंने इस परीक्षा में शारीरिक चुनौतियों को सहजता से पार किया। उन्होंने 2012 में वी-16 छत्तीसगढ़ फुटबॉल टीम का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व भी किया था।

### धोखाधड़ी: मामले में पति पत्नी समेत तीन के खिलाफ मामला दर्ज

# गुड्स सर्विस के नाम पर आधा करोड़ से अधिक की ठगी ट्रेडिंग कंपनी में लगाने व विदेशी दौरे का दिया था झांसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गुड्स सर्विस के नाम पर 50 लाख रुपए से अधिक की ठगी करने वालों के खिलाफ बोधघाट थाना में मामला दर्ज किया गया है।


■ पुलिस कर रही आरोपी पति से पूछताछ, तीसरा आरोपी राजस्थान का

मामले में संलिप्त पति पत्नी बस्तर के हैं जबकि तीसरा आरोपी राजस्थान का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने अपने सहेली को अपने झांसे में लेते हुए करीबन 31 लाख रुपये ठग लिए। आरोपी द्वारा सहेली को ट्रेडिंग कंपनी में पैसा लगाने पर दोगुना पैसा मिलने और विदेश दौरे की जानकारी दी। जिसके बाद सहेली के बातों में आकर अपनी जमा पूंजी उसमें लगा दी। रुपए लगने के बाद पीड़िता को दुगना पैसा मिला और न ही अन्य कोई लाभ। ठगे जाने के बाद उसने बोधघाट थाने में मामला दर्ज कराया और पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। बोधघाट थाना प्रभारी लीलाधर राठौर ने बताया कि आड़ावाल ओरना कैम्प निवासी अलका दास पति विनय दास 36 वर्ष ने बोधघाट थाने में मामला दर्ज कराते हुए बताया कि उसके साथ पढ़ने वाली अनुषा श्रीवास्तव ने 1 वर्ष पहले फेसबुक के माध्यम से उसका फोन नंबर लेने के बाद उसे बताया कि उसका पति संदीप रायगढ़ के जिंदल कंपनी में काम करने के साथ ही ट्रेडिंग कंपनी में काम करता है जहाँ से उसे हर माह 4 से 5 लाख की कमाई होती है साथ ही विदेश घूमने का मौका भी मिलता है।

उसके झांसे में आकर अलका ने 1 मई 2023 से लेकर 3 अक्टूबर 2024 तक कुल 22 लाख 50 हजार संदीप के फोन पे पर तथा 5 फरवरी 2024 से लेकर 5 सितम्बर 2024 तक रवि के फोन पे पर 9 लाख रुपये भेजे इस तरह अलका ने कुल 31 लाख 50 हजार रुपये दे दिया। मामले में संलिप्त आरोपी पति संदीप को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### इनसे भी हुई ठगी

आरोपियों द्वारा सुनियोजित तरीके से धोखाधड़ी करते अलका के कहने पर कई लोगों से ठगी की। इनमें रोशनी घोष से 82 हजार, संदीप रॉय 1 लाख 65 हजार, निकिता से 3 लाख 60 हजार के अलावा वरुण मिस्त्री से 4 लाख रुपये संदीप के अकाउंट में जमा करवाये। इस तरह करीब 41 लाख 57 हजार रुपये ठगी इन लोगों से की गई। इसके अलावा कांकेर निवासी एक अन्य पीड़ित से 12 लाख रुपए की ठगी का पता लगा है जिसकी रिपोर्ट कांकेर जिले में किए जाने की खबर है। ठगी के शिकार लोगों के फोन ना उठाने व पैसा ना लौटने पर बोधघाट थाने में आरोपी संदीप श्रीवास्तव, अनुषा श्रीवास्तव व राजस्थान निवासी रवि प्रताप के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।




# बीमा कंपनी देगी 2 लाख की क्षति पूर्ति व भरेगी 5 हजार का जुर्माना




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला उपभोक्ता आयोग ने मंगलवार को एक प्रकरण में दि ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा आवेदक को 2 लाख की क्षतिपूर्ति और 5 हजार का जुर्माना अदा किए जाने का आदेश पारित किया है। ग्राम लंजोड़ा निवासी अमृतलाल बंजारे द्वारा अपने स्वामित्व की टाटा मेटाडोर वाहन का बीमा दि ओरिएंटल इंटरनेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जगदलपुर से करवाया गया था। आवेदक की उक्त वाहन एक सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गई थी। आवेदक द्वारा दुर्घटना की पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर, आवश्यक दस्तावेजों सहित बीमा कंपनी के समक्ष क्षतिदावा पेश किया गया था। बीमा कंपनी द्वारा दुर्घटना के समय वाहन चालक के नशे की हालत में होने का आक्षेप लेते हुए आवेदक का क्षतिदावा निरस्त कर दिया गया था। जिससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना है कि बीमा कंपनी यह प्रमाणित करने में असफल रही है की दुर्घटना के समय उक्त वाहन को बीमा शर्तों के उल्लघंन में चलाया जा रहा था और दुर्घटना के समय वाहन चालक नशे की हालत में था। इस हेतु बीमा कंपनी को 5 हजार के अर्थदंड से भी दंडित किया गया है। जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा आदेश पारित किया गया है।

# जिला स्तरीय बस्तर ओलम्पिक के चौथे दिन बालिकाओं ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला स्तरीय बस्तर ओलम्पिक के चौथे दिन बालिका जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल में कौशल दिखाए। एथलेटिक्स विकासनगर स्टेडियम, खो–खो एनसीसी ग्राउण्ड, व्हॉलीवाल व कबड्डी खेल परिसर बड़ेकनेरा रोड, एवं बैडमिंटन विकासनगर इण्डोर स्टेडियम में आयोजित किया गया। जिसमें खिलाड़ी कोण्डागांव, फरसगांव, माकड़ी, बड़ेराजपुर एवं केशकाल से सम्मिलित हुए। 24 नवम्बर 2024 को सीनियर महिला एवं पुरुष वर्ग का प्रतियागिता हुआ। जिसमें फुटबाल, विकास नगर स्टेडियम, वेटलिफ्टिंग टाउन हॉल, हॉकी आदर्श विद्यालय फरसगांव में आयोजित हुआ।



### इन खिलाड़ियों ने मारी बाजी

जूनियर बालिका वर्ग एथलेटिक्स 100 मी. दौड़ में कृतिका मरकाम माकड़ी, 200 मी. कृतिका मरकाम, 400 मी. दौड़ में रेणुका नेताम, रिले रेस 400100 में प्रथम बिन्देश्वरी कोर्राम, करीना कोर्राम, अम्बिका कोर्राम, देवकी मरकाम, डिस्कस थ्रो में राजेश्वरी, जेवलीन में देवकी एवं लम्बीकूद में जमुना सोरी, ऊँचीकूद में इमलेश्वरी मरकाम, बैडमिंटन में ओश गुप्ता, युगल में ओश गुप्ता एवं निशिता देवांगन ने जीत दर्ज किया। इसी प्रकार खो–खो में केशकाल ब्लॉक प्रथम रहा व वालीवॉल में माकड़ी विजेता रहा। प्रथम तीन विजेताओं को व्यक्तिगत खेल में प्रथम 2 हजार, द्वितीय 15 सौ, तृतीय एक हजार एवं दलीय खेल में प्रथम 04 हजार, द्वितीय 03। हजार एवं तृतीय 02 हजार प्रदाय किया गया। इसके साथ ही मेडल एवं प्रमाणपत्र व भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाणपत्र प्रदाय किया गया।

### चंद्राकर ने महाराष्ट्र के नवापुर विधानसभा में किया प्रचार, कांग्रेस को मिली जीत

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस के एससी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश चंद्राकर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में नवापुर विधानसभा का आब्जर्वर नियुक्त किया गया था, जहां कांग्रेस प्रत्याशी शिरीष कुमार नाइक ने जीत दर्ज कर दूसरी बार विधायक चुने गए हैं। उनकी जीत में अहम भूमिका सुरेश चंद्राकर ने निभाई है। आब्जर्वर नियुक्त होने के बाद से ही वे प्रत्याशी और संगठन के पदाधिकारियों के बीच उपस्थित रहे और अपने अनुभव से चुनाव संचालन के टिप्स दिए,साथ ही डोर टू डोर जनसंपर्क कर प्रचार किया। नवापुर विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 1121 वोटों से जीत दर्ज की। सुरेश चंद्राकर ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि मिली जिम्मेदारी को गंभीरता से लेते हुए महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले के नवापुर विधानसभा पहुंचकर संगठन के साथ बैठकें लेकर चुनाव तैयारियों का पहले जायज़ा लिया जिसके बाद दिशा निर्देश दिए एवं संगठन में उत्साह भरते हुए उनके साथ घर-घर जाकर कांग्रेस प्रत्याशी शिरीष कुमार नाइक के लिए वोट मांगा, उन्होंने कहा कोई चुनाव आसान नहीं होता हर चुनाव में एक नयी चुनौती होती है। बस उन चुनौतियों की पहचान कर उनके समाधान की ओर बढ़कर हमने जीत दर्ज की।



# 13 बच्चों का बनाया गया दिव्यांग प्रमाणपत्र, 2 बच्चों की होगी सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



विकासखंड माकड़ी में आयोजित है इस आकलन शिविर में विकासखंड के समस्त संकुल से प्राथमिक माध्यमिक एवं हाई स्कूल हायर सेकेंडरी स्कूलों में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए जांच की गई। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक जिला कोंडागांव के आदेशानुसार समग्र शिक्षा जिला कोंडागांव के द्वारास्वास्थ्य विभाग के जिला मेडिकल बोर्ड टीम के सहयोग से किया जा रहा है। यहां सभी बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है। सभी प्रकार की दिव्यांगता पर प्रमाणपत्र बनाने के लिए जांच की जा रही है। विकासखंड स्तर पर कार्यरत बीआरपी निशांत देवांगन, गंगेश्वरी राज विशेष शिक्षा के सहयोग से यह आकलन शिविर आयोजित है। इस शिविर का आयोजन बी आर सी कार्यालय माकड़ी में किया गया है। इस कार्यक्रम में कुल प्राथमिक माध्यमिक, हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी से 41 बच्चों का पंजीयन किया गया है। जिसमें 13 बच्चों का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया गया है एवं 2 बच्चे सर्जरी के लिए चिन्हांकित किया गया है। 3 बच्चों को श्रवण यंत्र व 1 बच्चे कों एमआर किट दिया गया है एवं सभी के स्वास्थ्य की जांच की गई है। कार्यक्रम में जिला मेडिकल बोर्ड सिविल सर्जन जिला कोंडागांव सहायक कार्यक्रम समन्वयक एस आर मरावी समग्र शिक्षा कोंडागांव, बीआरसी ताहिर अहमद खान, बीआरपी भेदराम मानकर, संतोष कुमार उइके सुनील खूंटे अशमती, लक्ष्मण, सुंदर तथा बड़ी संख्या में पालक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

■ विकासखंड स्तरीय दिव्यांग बच्चों का आंकलन शिविर

### शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में न्यायाधीशों की उपस्थिति में मना संविधान दिवस

# संविधान किसी के प्रति भेदभाव नही करता : न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विधि विभाग द्वारा संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायालय जगदलपुर से न्यायधीश जगमोहन पटेल मुख्य अतिथि के रूप में एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में न्यायधीश राहुल श्रॉफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो रानू मेश्राम ने की। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात मुंबई के होटल में हुए आतंकी हमले में मारे गए वीर शहीद जवानों को याद करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अतिथि द्वारा समस्त प्राध्यापकों एवं छात्रों को संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया। विशिष्ट अतिथि न्यायधीश राहुल श्रॉफ के द्वारा संविधान के निर्माण की परिस्थितियों के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि भारत के संविधान निर्माण के लिए विश्व के समस्त लिखित संविधानों का अध्ययन किया गया। हमारे पूर्व के विद्वानों के अथक प्रयास से संविधान 2 वर्ष 11 माह एवं 18 दिन में बन कर तैयार हुआ। इसके निर्माण में विभिन्न समितियों का योगदान रहा और सबसे महत्वपूर्ण भूमिका डॉ भीम राव अम्बेडकर द्वारा निभाई जो कि प्रारूप समिति के संयोजक थे, इसलिए उन्हें भारतीय संविधान का निर्माता भी कहा जाता है। न्यायाधीश जगमोहन पटेल ने कहा कि संविधान एक ऐसा विधान है, जिसमें सभी विधान समाहित रहते हैं। इसमें किसी के प्रति भेद भाव नहीं किया गया है तथा सभी को मानव एक समान समझकर एक समान अधिकार प्रदान किए गए। कोई भी जाति,धर्म, भाषा, बोली, या किसी भी क्षेत्र का हो सभी को एक समान संरक्षण प्रदान करता है। यदि विधायिका द्वारा कोई विधि ऐसी बनाई जिससे संविधान के किसी प्रावधान के उल्लंघन होता है तो न्यायालय उसको शून्य घोषित कर सकते है। उन्होंने कहा कि संविधान के आधार भूत ढांचे में कोई

■ मुंबई हमले के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



▶▶| शेष पेज 10 पर

### संविधान के महत्व से परिचय कराया

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ. रानू मेश्राम द्वारा संविधान के महत्व को बताते हुए कहा कि संविधान एक ऐसा ग्रंथ है जिसमें सभी को एक सूत्र में बंधे रखा है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने अधिकार के साथ साथ अपने कर्तव्य को भी समझना होगा जिससे समाज में भाईचारा बना रहे।

### मूल कर्तव्य किसी भी व्यक्ति के अधिकारों का उल्लंघन नहीं

विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मोहन सोलंकी ने बताया कि संविधान जब बनाया गया था तब इसमें मूल कर्तव्य नहीं था इसको 42वें संविधान संशोधन 1976 में स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश पर शामिल किया गया। मूल कर्तव्य का यदि सभी व्यक्तियों द्वारा समझ कर पालन किया जाये तो यह संभावना पूरी होती हे कि किसी भी व्यक्ति के अधिकारों का उल्लंघन नहीं होगा और समाज में सौहाद्रपूर्ण वातावरण बना रहेगा। महाविद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर नये संशोधित कानून में दण्ड सामूदायिक सेवा विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9149027841

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

खबर संक्षेप

## अपूर्ण कार्यों को जल्द पूर्ण करने दिए कड़े निर्देश



**बीजापुर।** जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में कलेक्टर संबित मिश्रा ने ली समीक्षा बैठक। इस दौरान निर्माणधीन आंगनबाड़ी भवन, पंचायत भवन, पीडीएस गोदाम और स्वीकृत प्रधानमंत्री आवासों को प्राथमिकता के साथ जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। वर्किंग सीजन में निर्माण कार्यों को गति देने जनपद सीईओ से लेकर प्रत्येक मैदानी अमले को प्रतिदिन फील्ड विजिट कर प्रगति से अवगत कराने को कहा। कलेक्टर ने राशन कार्ड, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र सहित चार प्रकार के कार्ड जन्म के 10 दिवस के भीतर प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, ब्लॉक समन्वयक को वित्तीय वर्ष 16-17 से 22-23 तक के सभी अपूर्ण आवासों को माह दिसम्बर तक पूर्ण किये जाने के कड़े निर्देश दिए।

### संविधान दिवस के अवसर पर हुए विविध कार्यक्रम

# अमृत सरोवरों में हुआ संविधान की उद्देशिका का पठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

■ संविधान हमारे देश की आत्मा है हमें इसके प्रावधानों का पालन करना चाहिए

संविधान दिवस के अवसर पर जिले के अमृत सरोवर स्थलों में संविधान की उद्देशिका का पठन किया गया। कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में इस ऐतिहासिक दिन को स्मरणीय बनाने के साथ नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी मिलने, भारत के संविधान के निर्माण और उसके निर्माण और महत्व को भी याद किये जाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार ने सभी जनपदों के ग्राम पंचायतों के अमृत सरोवर स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित कर संविधान दिवस मनाने के निर्देश दिए उन्होंने अवगत कराया कि भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय ने इस अमृत सरोवर स्थलों पर एक विशेष समारोह का आयोजन करने प्रस्तावित किया है। अमृत सरोवर स्थलों में संविधान की उद्देशिका का पठन से संविधान के आदर्शों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दोहराया गया।

संविधान हमारे देश की आत्मा है और हमें इसके प्रावधानों का पालन करना चाहिए, उक्त पंक्ति को आत्मसात करते हुए अमृत सरोवर स्थलों में ग्राम पंचायतों के सदस्यों, स्थानीय नागरिकों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## संविधान दिवस पर विद्यार्थियों को संविधान में प्रदत्त अधिकारों की दी गई जानकारी



**दंतेवाड़ा।** जिला न्यायालय से प्राप्त जानकारी अनुसार 26 नवंबर संविधान दिवस के विशेष अवसर पर स्वामी आत्मानंद एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विशेष कार्यक्रम व शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डीपी सिंह दांगी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपूर्वा दांगी, उपस्थित रहें। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा बच्चों को संविधान में प्रदत्त अधिकारों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। साथ ही सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने इस दौरान जानकारी दी कि संविधान में जिस प्रकार संविधान के मूल अधिकार हमें एक ढाल के रूप प्राप्त हैं। उसी प्रकार हमारे संविधान में नागरिकों के लिए कर्तव्यों का भी उल्लेख है। जो हमारे नागरिक दायित्वों का वहन करने के लिए प्रेरित करते है। अतः हमें अधिकारों के साथ साथ कर्तव्यों को भी आत्मसात करना हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सहित सभी शिक्षक, पैरालीगल वॉलंटियर सुखदेव, सूर्यकान्त, शुभम यादव, सुनीता एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी उपस्थितों नें संविधान की उद्देशिका का पाठन भी किया।

## परख कार्यक्रम के द्वितीय मॉक टेस्ट का एबीईओ ने किया अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छग एवं जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर के निर्देशानुसार आज परख सर्वेक्षण अंतर्गत राज्यस्तरीय द्वितीय मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक बस्तर अंतर्गत संचालित सभी प्राथमिक, माध्यमिक हाइस्कूल व हायरसेकंडरी शालाओं में कक्षा 3री, 6वीं एवं 9वी में अध्ययनरत विद्यार्थी सम्मिलित हुए। सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार तिवारी द्वारा ब्लॉक की कई शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें आज आयोजित परख कार्यक्रम के द्वितीय मॉक टेस्ट का भी अवलोकन उनके द्वारा किया गया। जिसमें बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति के बारे में अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए, उनके द्वारा चिन्हांकित कमजोर स्तर वाले संकुल अंतर्गत आने वाली शालाओं का अवलोकन किया गया। आज बस्तर ब्लॉक के अंतर्गत संचालित सभी 3री 6वी एवं 9वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों का शतप्रतिशत द्वितीय मॉक टेस्ट का आकलन किया गया। जिसमें ब्लॉक लेवल के नोडल, सहायक नोडल, संकुल प्राचार्य, व्याख्याताओं को निरीक्षण हेतु नियुक्त किया गया था। संकुल तुरपुरा, सालेमेटा, कुम्हली, पिप्लावण्ड आदि संकुलों के अंतर्गत विभिन्न प्राथमिक, माध्यमिक शाला व हाइस्कूलों का अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। इन सभी स्थानों पर मॉक टेस्ट हेतु बैठक व्यवस्था नियमानुसार सुनिश्चित किया गया था। बच्चों की उपस्थिति भी आशा के अनुरूप पाई गई।

## एनसीसी दिवस समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहण्डीगुड़ा में 76 वां एनसीसी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह को संस्था के प्राचार्य हेमराव खापर्डे, एनसीसी ऑफिसर राहुल सिंह ठाकुर व एनसीसी के 75 कैडेटो के द्वारा किया गया।

समारोह मैं सीसी का 76 वर्ष पूरा होने पर के काटा गया। वह क्रेडिट द्वारा ड्रिल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल का आयोजन किया गया। एनसीसी दिवस समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल, डिप्टी कलेक्टर मयानंद, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी रितेश सिंह, बीआरसी दरभा समलू राम कश्यप, भागीरथ बघेल, विमला भंडारी, तेजेश्वरी सिंह ठाकुर, रमेश मिश्रा, धनेंद्र ठाकुर, विजय बंजारा, आशीष ठाकुर एवं संस्था के समस्त कर्मचारी उपस्थित हुए। यह आयोजन संस्था के एनसीसी कैडेटों व एनसीसी ऑफिसर राहुल सिंह ठाकुर के द्वारा किया गया।

# सभी आश्रम, छात्रावास, पोटाकेबिनों में स्टाफ नर्स की पदस्थापना करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



सुकमा जिले के आश्रम, छात्रावास, पोटाकेबिनों में 20 हजार छात्र-छात्राएं रहकर अध्ययन करते हैं, छात्र-छात्राओं के उपचार के लिए स्टाफ नर्स की व्यवस्था करने की मांग को लेकर जिला पंचायत सदस्य रामा सोडी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

उन्होंने सभी आश्रम, छात्रावास, पोटाकेबिनों में नर्स की नियुक्त करने की मांग ताकि बीमार छात्र-छात्राओं का समय पर प्राथमिक उपचार एवं इलाज हो सके। जिला पंचायत सदस्य रामा सोडी ने बताया कि विगत कई वर्ष से आश्रम, छात्रावास, पोटाकेबिनों में मलेरिया व अन्य बिमारियों के कारण पढने वाले छात्र-छात्राओं की समय पर इलाज के अभाव में मृत्यु की घटना निरंतर होता आ रहा है। हाल ही में बालिका आश्रम कोर्रा की छात्रा कुमारी संध्या की इलाज के अभाव में देहांत हो गया है। जिले के अधिकांश बच्चे बिमारी से ग्रस्त रहते है, और समय पर इलाज नहीं होने के कारण मृत्यु का कारण बन रहा है जब-जब घटना होता है, शासन प्रशासन की ओर से जांच की ओपचारिकता पूरी कर ली जाती है। सदैव वैसे ही स्थिति बनी रहती है हमारा मानना है, शासन-प्रशासन ठोस व्यवस्था के लिए विचार करें। सुकमा जिले में करीब 20 हजार छात्र-छात्राए आश्रम, छात्रावास पोटाकेबिनों में रहकर पढ़ाई कर रहे है। इतनी बड़ी तादाद में बच्चों को देखने की व्यवस्था ठीक से होने चाहिए। हमारा मांग है कि प्रत्येक आश्रम, छात्रावास पोटाकेबिनों एक स्टाफ नर्स की नियुक्ति किया जाना आवश्यक है ताकि समय पर बच्चों का इलाज हो सकें।

## दिल्ली की टीम ने किया पहली, दूसरी कक्षाओं का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



ब्लॉक बकावंड के पीएमश्री प्राथमिक शाला तारापुर एवं प्राथमिक शाला भंडारीपारा में दिल्ली की टीम ने कक्षा पहली व दूसरी के कक्षाओं का अवलोकन किया और शिक्षक के शिक्षण प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान कक्षाओं में शिक्षक बच्चों के साथ किस प्रकार से कार्य कर रहे हैं इसकी समझ बनाई गई। बच्चों की भाषा के साथ कक्षा कक्ष में कितना महत्व दे रहे हैं। साथी प्राथमिक शाला तारापुर में समुदाय द्वारा निर्मित शाला संग्रहालय का भी अवलोकन किया गया, जिसके तहत समुदाय से विभिन्न सामग्रियां को देखकर उसकी उपयोगिता पर विशेष चर्चा किया गया। शाला संग्रहालय के वस्तुओं से बच्चों की सीखने सिखाने में किस तरह से मदद मिल रही है इसकी समझ बनाई गई और कक्षा अध्यापन के कार्य को देखकर निरीक्षण टीम के द्वारा खुशी जाहिर की गई। इस अवलोकन टीम में डिलाइट टीम दिल्ली से डॉ. सुदर्शन एवं पारुल, नेहा, सना डॉ. महेंद्र मिश्रा, मधुलिका एवं संजय गुलाटी मौजूद रहे।

# टाटा ईवी की संपूर्ण रेंज अब बस्तर में

बिजनेस साइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर









■ नारायणपुर के हुनरमंद मलखंब दल का हैरतअंगेज प्रदर्शन

टाटा कंपनी की बहुप्रतिक्षित ईवी पोर्टफोलियो के अंतर्गत आने वाले 4 माडलों की भव्य लांचिंग टाटा मोटर्स के बस्तर संभाग के अधिकृत डीलर जगदलपुर मोटर्स में रविवार को की गई। इस अवसर पर कंपनी के जोनल मैनेजर सेंट्रल जोन सुशील बाजपेई, डीआरडीओ के ओएस जनरल मैनेजर एमवीएल रमेश एवं बस्तर चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष श्याम सोमानी बतौर अतिथि मौजूद थे।

जगदलपुर मोटर्स को मैनेजिंग डायरेक्टर घनश्याम शर्मा एवं डायरेक्टर नीरज शर्मा ने बताया कि इलेक्ट्रिक कार सेगमेंट में स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स ने अपनी लीडिंग पोजिशन बना रखी है और हाल ही में इसने ईवी पोर्टफोलियो में कर्व ईवी को जोड़ा है, जो कि इलेक्ट्रिक एसयूवी कूपे है। टाटा की सभी ईवी कार बेहतरीन लुक, धांसू फीचर्स और अच्छी बैटरी-पावर-रेंज वाली है जिसे लेकर लोगों में अच्छा उत्साह देखने को मिल रहा है। लॉचिंग अवसर को बेदह भव्य रूप दिया गया था। प्रख्यात टीवी शो इंडिया गॉट टेलेंट के विजेता नारायणपुर के मलखंब दल के बच्चों ने एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज कारनामें दिखाकर दर्शकों की खुब तालियां बटोरी। वहीं नागपुर से आए डांस ग्रुप के कलाकारों ने भी उम्दा प्रस्तुतियां दी और इतनी ठंड में भी दर्शकों को सीट से बांधे रखा। इस अवसर को शहर के गणमान्य नागरिकों के साथ टाटा मोटर्स ने केक काटकर सेलिब्रेट किया। इसके बाद टाटा पंच ईवी, कर्व ईवी, टीयागो ईवी एवं नेक्शॉन ईवी का एक साथ अतिथियों द्वारा अनावरण किया गया। सभी गाड़ियों में 25- 55 किलो वाट तक की बैटरी लगी है और इनकी सिंगल चार्ज रेंज 250-585 किलोमीटर तक है।

## संगवारी जेंडर संसाधन केंद्र का हुआ शुभारंभ



**दंतेवाड़ा।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत दंतेवाड़ा में समस्त महिलाओं को स्व सहायता समूह में जोड़कर सामाजिक, आर्थिक रूप से सशक्त विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधि किया जा रहा। इसी तारतम्य में जिले में लिंग आधारित हिंसाओं को रोकने व समझ बनाने एवं महिलाओं तथा पुरुषों में जागरूकता हेतु अब संगवारी रिसोर्स सेंटर में काउंसलिंग की जा रही है। तथा लिंग आधारित हिंसा से ग्रसित महिलाओं को सामाजिक एवं भावनात्मक सहयोग किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जनपद पंचायत दंतेवाड़ा अंतर्गत मां दंतेश्वरी संकुल संगठन बालूद में विकासखंड स्तरीय संगवारी जेंडर संसाधन केंद्र का विधिवत शुभारम्भ किया गया। संगवारी जेंडर संसाधन केंद्र में विकासखण्ड के किसी भी प्रकार से शोषित या प्रताड़ित हुए दीदियों को मानसिक एवं सामाजिक सुरक्षा व सहयोग देने के उद्देश्य से पुनर्वास किया जाएगा।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले को किया गया सम्मानित

# धाकड़ राजपूत क्षत्रिय समाज ने मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



बस्तर जिले के ग्राम परचनपाल में बस्तर धाकड़ राजपूत क्षत्रिय समाज पंजीयन क्रमांक 938 का 13वाँ स्थापना दिवस 25 नवंबर को बड़े उत्साह उमंग के साथ मनाया गया। सर्वप्रथ कलश यात्रा संतोषी माता मंदिर प्रांगण से प्रारम्भ

■ शिक्षा,स्वास्थ्य और नशा मुक्ति पर दिया जोर

कर कार्यक्रम स्थल पर ध्वजा रोहण के पश्चात हवन पूजन के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। साथ ही बस्तर संभाग के गांव-गांव से पहुंचे हुए अतिथियों का श्रीफल व शाल से सम्मानित किया गया।

जिसमें संभाग से अलग अलग क्षेत्रों से समाज के वरिष्ठ जनो के द्वारा उदबोधन में समाज के रीति नीति को लेकर विचार व्यक्त किया गया। इस दौरान समाज के उपसंरक्षक मंगलसिंह ठाकुर ने कहा की हमारा समाज में जब तक एकता, अखंडता, प्रेम, की भावना निहित नही होगी तब समाज की उत्कृष्ट, उत्थान संभव नही हैं। अन्य समाज में इसी तरह से संगठित हो कर आगेबढ़ रहे है। साथ ही हितप्रिया ठाकुर ने समाज मे महिलाओं की सम्मान और महिलाओं की उत्कृष्ट उत्थान के लिए और समाज की नई दिशा में आगे बढ़ कर भाग लेने के लिए बेहतरीन विचार समाज के वरिष्ठ माता अंजन के समक्ष अपना विचार प्रकट किया। साथ ही नशा मुक्ति के तहत भी युवाओं और नई पीडिया को नई दिशा निर्देशन बेहतर सुझाव बताया गया।

इस कार्यक्रम में वरिष्ठ गण एवं समाज के पदाधिकारी गण कमल सिंह ठाकुर, रोमनाथ ठाकुर ,मंगल सिंह ठाकुर, सुखचंद ठाकुर, पदमनाथ ठाकुर, रति सिंह ठाकुर ,सुरेंद्र सिंह ठाकुर ,रूप सिंह ठाकुर ,संतोष सिंह ठाकुर ,राजेश सिंह ठाकुर, कमल सिंह ठाकुर ,जागेश्वर सिंह ठाकुर, दयाराम ठाकुर, थबीर सिंह ठाकुर, भोज सिँह ठाकुर, रविंद्र ठाकुर एवं ग्राम परचनपाल के समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## अनुपस्थिति शिक्षकों की वेतन कटौती के निर्देश

**कोंटा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिले के स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति और शाला संचालन की स्थिति की सघन जांच की जा रही है। इसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी ने आश्रम शालाओं और अन्य शालाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीकम साहू व्यायाम शिक्षक जगरगुण्डा, महेन्द्र देवांगन व्याख्याता जगरगुण्डा, तुलेश्वरी ठाकुर प्रधान पाठक कुकानार, चम्पेश्वर पाण्डे सहायक शिक्षक चिन्तलनार, नागेश्वरी मोरला सहायक शिक्षक मेहता, विजय कुमार शिक्षक तारलागुड़ा, मंजू ध्रुव प्रधान अध्यापक मिसीगुड़ा, रमेश कुमार शिक्षक उरसांगल, भगवती सिंह सहायक शिक्षक नागाराम अनुपस्थित पाए गए। इन शिक्षकों को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करते हुए संबंधित डीडीओ को इनके वेतन कटौती के निर्देश दिए गए हैं।

# धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



■ बच्चों को संविधान की बारीकियों की दी गई जानकारी

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गीदम में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। भारत माता, बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा व संविधान के किताब पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात विद्यालय के सामाजिक विज्ञान शिक्षक अब्दुसमद ने बच्चों को संविधान की बारीकियों की जानकारी देते हुए प्रस्तावना का वाचन किया।

उन्होंने बताया कि 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है क्योंकि आज के ही दिन हमारे देश का संविधान बनकर तैयार हुआ था। इस दिवस को राष्ट्रीय संवैधानिक दिवस और राष्ट्रीय कानून दिवस भी कहा जाता है। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने भारतीय संविधान के निर्माण में अहम भूमिका निभाई। वे भारतीय संविधान निर्माण की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे। भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित और निर्मित संविधान है। इसके निर्माण में 2 वर्ष 11 महीने और 18 दिन का समय लगा और 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान राष्ट्र को समर्पित किया गया था और 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया। इसलिए 26 नवंबर को संविधान दिवस और 26 जनवरी को हम गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अन्य कर्मचारी व सभी बच्चे उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार, तोकापाल, जिला-बस्तर (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

क्रमांक/क/प्र.3/तह./2024 तोकापाल दिनांक 18/11/2024

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मोहन बघेल पिता स्व. ताती बघेल जाति मुरिया उम्र वर्ष निवासी ग्राम करंजी तहसील तोकापाल द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। जिसमें आवेदक की माता श्रीमती स्व. बनमती मृत्यु तिथि 30/07/2013 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत करंजी के अंतर्गत है। यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत करंजी के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ग्रामवासी /पंचायत को किसी भी तरह की कोई आपत्ति है तो वह पेशी तिथि 29/11/2024 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति/दावा दर्ज करा सकते है। पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। प्रमाण पत्र जारी किया जावेगा।

आज दिनांक 18/11/24 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।
पेशी दिनांक 18/11/24

मुहर

तहसीलदार
तोकापाल

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट | कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) | स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प आज

**जगदलपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र आड़ावाल में बुधवार को प्रातः 11 बजे से सायंकाल 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के कुल 7 पदों हेतु भर्ती किया जाएगा। जिसके तहत सीआरई एक पद, स्टोर इंचार्ज एक पद, टेक्नीशियन तीन पद और इलेक्ट्रिशियन दो पद के लिए योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

### धान खरीदी नीति से उत्साहित किसान



**जगदलपुर।** राज्य सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन नीति के तहत अन्नदाता किसानों से धान का उपार्जन किया जा रहा है। जिसके तहत 3100 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी, किसानों के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन टोकन की व्यवस्था, बारदाना की उपलब्धता, तौल की व्यवस्था, खरीदी केन्द्रों पर किसानों के लिए पेयजल, शौचालय सहित शेड की व्यवस्था इत्यादि सुविधाएं किसानों को मुहैया कराई जा रही है। राज्य सरकार की उक्त व्यवस्था से किसानों को काफी सहूलियत हो रही है और किसान उत्साहित होकर अपनी उपज का विक्रय धान खरीदी केन्द्रों पर कर रहे हैं।

### लिंग आधारित हिंसा समाप्ति जागरूकता पखवाड़ा

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस से 10 दिसम्बर मानव अधिकार दिवस तक, 16 दिवसीय सक्रियता अभियान के रूप में लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने हेतु जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों एवं उनके हितों के प्रति जागरूकता बढाने हेतु गतिविधियॉ जिले में आयोजित किया जा रहा है इसके तहत महत्वपूर्ण मुद्दे जैसे बाल विवाह, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न एवं घरेलू हिंसा की रोकथाम, सोशल मडिया पर पोस्ट इंफ्रोग्राफिक्स के माध्यम से चवबेव, बाल विवाह रोकथाम अधिनियम बाल संरक्षण तंत्र की जानकारी मिशन शक्ति के अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न योजनाएं एवं सेवाओं वन स्टॉप सेंटर, शक्ति सदन के प्रति जागरूकता अभियान पर सघन अभियान चलाया जा रहा है।

मनरेगा के तहत हर दिन कम से कम 5 हजार लेबर को काम दें

# बस्तर ओलंपिक के लिए सभी व्यवस्थाएं करें सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि बस्तर ओलंपिक का संभाग स्तरीय आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करें। संभाग स्तरीय आयोजन दिसम्बर माह के प्रथम सप्ताह में संभावित

■ समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

है, इस खेल गतिविधियों में संभाग के लगभग 5 हजार से अधिक खिलाड़ियों की सहभागिता होगी। इस हेतु शहर में आवासीय-भोजन व्यवस्था, परिवहन की व्यवस्था के साथ-साथ अन्य आवश्यक व्यवस्था और अन्य जिलों के नोडल अधिकारी से समन्वय कर कार्ययोजना बनाकर कार्य को गति देने कहा। बैठक में बस्तर ओलंपिक के तत्वावधान में बस्तर मैराथन का आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा दीपोत्सव कार्यक्रम के लिए चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस समय-सीमा की बैठक में सभी अधिकारियों द्वारा संविधान दिवस पर संविधान के प्रस्तावना का वाचन भी किया गया। साथ ही 7 दिसम्बर झंडा दिवस पर सहयोग राशि जमा करने पर चर्चा किया।

कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जाति प्रमाण पत्र निर्माण में आवेदनों को सभी स्कूलों से फॉर्म भरवाकर राजस्व अधिकारियों को दें, राजस्व कार्यालय से दस्तावेज के साथ पुनः शिक्षा विभाग को दें, जिसको ऑनलाइन एंट्री करें। दिसंबर माह तक सभी आईडी से जाति प्रमाण पत्र के आवेदनों को निराकृत करना सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के कार्य का वेरीफिकेशन, आयुष्मान कार्ड निर्माण, स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं, महतारी वंदन की हितग्राहियों का आधार सिडिंग, जल जीवन मिशन के कार्य की प्रगति, क्रेड़ा के प्रगतिरत कार्यो की समीक्षा किया गया। अनाधिकृत अनुपस्थित या कर्तव्य विमुख शासकीय सेवकों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही पर संबंधित विभाग के



अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यवाही करने के निर्देशित किए। आदिवासियों की जमीन का त्रुटि सुधार, सीमांकन, बंटवारा के प्रकरणों पर राजस्व अधिकारियों द्वारा निरीक्षण करने के निर्देश का पालन पर चर्चा किए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### आवास निर्माण में देरी का लिया संज्ञान

बैठक में कलेक्टर ने नियद नेलानार योजना के सर्वे पर रिपोर्ट, मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीजी पोर्टल के लंबित प्रकरण पर चर्चा कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकृत कर पोर्टल से हटवाने के निर्देश दिए। नक्सली पुनर्वास नीति के तहत नक्सल पीड़ित, नक्सल प्रभावितों को आवास योजना में लाभान्वित करने के संबंध में चर्चा किए। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के विकास कार्य का भौतिक प्रगति, आवासहीन द्वारा योजना के तहत निर्माण हेतु किस्त की राशि मिलने के बाद आवास निर्माण में देरी की वजह का भी संज्ञान लिया। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत नाडेप टंकी, वर्मी टंकी, सोकपिट निर्माण कार्य की प्रगति, मनरेगा के तहत आंगनबाड़ी भवनों की भौतिक प्रगति की समीक्षा किए।

### खरीदी केंद्रों में बारदाना उपलब्ध हो

कलेक्टर ने मनरेगा में मजदूरों की स्थिति व की जा रही कामों पर चर्चा किए। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लेबरों को काम देंनें के निर्देश दिए। सभी ब्लॉक में कम से कम 5 हजार लेबर मनरेगा के काम में संलग्न करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अधिकारी से उचित मूल्य की दुकान में खाद्यान्न भंडारण की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही सभी एसडीएम से पीडीएस केंद्रों में भंडारण की स्थिति का संज्ञान लिया। उन्होंने वर्ष 2024-25 में धान खरीदी हेतु पीडीएस बारदाना संकलन और खरीदी केंद्रों में बारदाना की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए।

### पट्टाधारी किसानों का सर्वे कर केसीसी बनवाएं

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए नवीन पंजीयन, केसीसी के प्रकरण, वनाधिकार पर पट्टाधारी किसानों का सर्वे कर प्राथमिकता से केसीसी बनवाने के लिए के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केसीसी के लिए बैंकों में प्रस्तुत प्रकरणों को जिला सहकारी बैंक के साथ कृषि और संबद्ध विभाग मिलकर सूची को सत्यापन करें, ताकि संबंधित बैंक के ब्रांचों से आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया जा सके।

# न प्रमाणपत्र मिला न पुरस्कार की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/बकावंड

जिला एवं जनपद स्तरीय बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता में बकावंड ब्लाक के खिलाड़ियों के साथ पक्षपात व अव्यवस्थाओं को लेकर सोमवार को विधायक लखेश्वर बघेल के नेतृत्व में खिलाड़ियों व

■ बस्तर ओलंपिक में पक्षपात का आरोप लगाते खिलाड़ियों ने किया जनपद का घेराव

एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने जनपद पंचायत बकावंड का घेराव किया।

विरोध प्रदर्शन में बकावंड ब्लॉक के पंचायत प्रतिनिधि व कांग्रेसी भी बड़ी संख्या में शामिल होकर विधायक के नेतृत्व में सभी रैली की रूप में नारेबाजी करते जनपद कार्यालय पहुंचे जहां जनपद सीईओ की अनुपस्थिति में एसडीम ऋषिकेश तिवारी ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा की।

एनएसयूआई के अध्यक्ष नीलम कश्यप ने चार सूत्रीय मांग के साथ ज्ञापन सौंपा, जिसमें जनपद व जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक में शामिल खिलाड़ियों को मंच से इनाम व सर्टिफिकेट न दिए जाने, मैदान पर खिलाड़ियों के लिए चिकित्सीय व्यवस्था सुलभ न होने, उन्हें मालवाहक वाहनों में भेड़ बकरी की तरह ठूंसकर लाने ले जाने और गंतव्य तक न छोड़ने, अंतिम दिन शाम को भोजन की व्यवस्था न होने तथा साल भर बाद भी पुरस्कार की राशि खिलाड़ियों के बैंक खाते में ना डाले जाने को लेकर घोर आपत्ति दर्ज कराई गई। एसडीएम ने इसकी जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया तथा सभी को जनपद प्रांगण में आमंत्रित कर खिलाड़ियों को विधायक व अन्य पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में उनका प्रमाण पत्र वितरण किया। साथ ही कहा गया कि खिलाड़ियों को पुरस्कार की राशि उनके बैंक अकाउंट में शीघ्र ही हस्तांतरण कर दिया जाएगा। विधायक बघेल ने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन कर अपने ब्लॉक का नाम रोशन करने को कहा। इस दौरान बकावंड ब्लॉक अध्यक्ष शिवराम बिसाई, वरिष्ठ कांग्रेसी जगमोहन बघेल, वरिष्ठ कांग्रेसी जानकी राम सेठिया, करपावंड ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम नाइक, विधायक प्रतिनिधि, गोपाल, जिला पंचायत सदस्य धनुर्जय कश्यप, कमलू, महिला कांग्रेस करपावंड ब्लॉक अध्यक्ष प्रमिला दुगा, सोनाधर कश्यप, सुखनाथ कश्यप, सत्येंद्र गागड़ा, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कुलधर बघेल, एनएसयूआई बकावंड ब्लॉक अध्यक्ष रामदास बघेल, ललिता, राजेश कश्यप, पिंटू तिवारी, मोना पाढ़ी, दीपक पांडे, ब्रिज लाल, सोहन सिंह राजकुमार, प्रदीप, गणेश, धनपति, मंगल, लोकेश, सोनसाय, संजू, गिरिवर, रोहित, शक्ति, शिव, हरीराम एवं समस्त कार्यकर्तागण मौजूद रहे।



### जनपद प्रांगण में लगाया दरबार

विधायक ने करीब पौन घंटे तक जनपद प्रांगण में अपना दरबार लगाया। पंचायत प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर रायशुमारी की। इस दौरान विधायक ने कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को तलब किया और हाल ही में शत प्रतिशत अनुदान पर किसानों को उपलब्ध कराए गए बीज व हितग्राहियों की सूची मांगी।

### खरीदी केंद्रों में रखे निगरानी

बघेल ने पंचायत प्रतिनिधियों से धान खरीदी व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने को कहा। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का छत्तीसगढ़ सरकार ने वायदा किया है, किसान यदि टोकन कटाने के बाद 21 क्विंटल धन नहीं बेच पाते तो कांग्रेस इसके लिए आंदोलन करेगी।

### कर्मचारियों की ली क्लास

विधायक ने अवस्थाओं को लेकर ब्लॉक के अधिकारी कर्मचारियों की जमकर क्लास ली। बघेल ने कहा कि सभी सरकारी कर्मचारी जनता के सेवक हैं जनता के पैसे से उन्हें वेतन व अन्य सुविधाएं मिलती है और शासकीय कार्य के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा की कोई भी ग्रामीण सरकारी अधिकारी कर्मचारी से किसी काम को लेकर संपर्क करता है तो उसे सौहार्दपूर्ण तरीके से पेश आकर उनका सही मार्गदर्शन करें ताकि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।

### शिकायत को गंभीरता से लें

विधायक ने कहा कि जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक के बाद संभाग का कार्यक्रम होने वाला है। अधिकारी कर्मचारी खिलाड़ियों की शिकायत पर गंभीरता से संज्ञान लें, यदि खिलाड़ियों को लाने ले जाने भोजन व चिकित्सा की उचित व्यवस्था नहीं होती तो उन्हें नहीं ले जाया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि खिलाड़ी पैसे का नहीं सम्मान का भूखा होता है इसलिए खिलाड़ियों को समापन समारोह में ही प्रमाण पत्र व ट्राफी देकर सम्मानित करें।

## सांसद ने की काशी विश्वनाथ के दर्शन...



जगदलपुर। सांसद महेश कश्यप बस्तर की खुशहाली के लिए काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन किए। श्री काशी विश्वनाथ के दर्शन से जीवित मोक्ष का अनुभव एवं नई ऊर्जा मिलती है। सांसद महेश कश्यप ने कहा जो कुछ भी मैंने पाया है सब काशी विश्वनाथ की कृपा है। भाजपा जिला अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी ने कहा काशी विश्वनाथ और काल भैरव का विधि विधान से दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया है। बस्तर की खुशहाली की भी मैंने कामना की है। मंत्री रामविचार नेताम के जल्द स्वस्थ होने की कामना बस्तर के नेताओं ने की है। इस दौरान आरती हवन में लच्छुराम कश्यप, बैदूराम कश्यप, रजनीश पाणिग्राही, वेद प्रकाश पांडे, संग्राम सिंह राणा शामिल हुए।

## यातायात पुलिस ने पढ़ाया यातायात सुरक्षा का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात पुलिस के द्वारा शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों के मध्य यातायात के प्रति जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, आर. के. बर्मन, के मार्गदर्शन में तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात नसरउल्लाह सिद्दकी के नेतृत्व में यातायात पुलिस के द्वारा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दंतेवाड़ा और डीएवी पब्लिक स्कूल के लगभग 1400 की संख्या में उपस्थित छात्र, छात्राओं को यातायात के प्रति जागरूक करने के लिये यातायात पुलिस के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को सड़क में प्रवेश करने के नियम तथा चलने के नियम, यातायात संकेत, सड़क




दुर्घटना के कारण, निवारण के साथ-साथ मोटर व्हीकल एक्ट, दो पहिया वाहन चालन के दौरान अनिवार्य रूप से हेलमेट धारण करने, अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने, के साथ ही यातायात से संबंधित हैंडबुक, पॉम्पलेट का वितरण किया गया। छात्र,छात्राओं ने भी यातायात से संबंधित अपनी जिज्ञासा साझा किया। इस दौरान यातायात प्रभारी स.उ.नि. जितेन्द्र त्रिपाठी, प्र. आरक्षक थानसिंह देशमुख आरक्षक मनोज ध्रुव, विरेन्द्र वर्मा तथा रोड सेफ्टी हेतु वर्तमान में अपने सायकल यात्रा पर निकले ओडिशा राज्य के साइक्लिस्ट संतोष मिश्रा मौजूद रहे।

## दें बाल विवाह की सूचना, पहचान रखी जायेगी गोपनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नियमित रूप से बच्चों एवं

■ बच्चों एवं महिला संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान

महिलाओं को संरक्षण को लेकर सघन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान सभी बच्चों को जानकारी दी जा रही है कि सभी बच्चो को स्कूल की पढ़ाई पूरी करने और हिंसा से सुरक्षित रहने का अधिकार है, कम उम्र में और जबरन शादी के कारण अभी भी बहुत से लड़के-लड़कियां इन अधिकारों से वंचित रह जाते है। अभी शादियों का सीजन चल रहा है ऐसे में बाल विवाह जैसी शिकायते भी विभाग को मिलती है इसके लिए विभाग के लिए गाईड लाईन एवं टोल फ्री नम्बर जारी किये जाते है जिससे की बाल विवाह को रोका जा सके। बाल विवाह संबंधी जानकारी कहीं भी मिले तो चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 और महिला हेल्पलाईन 181 पर कॉल करे इसके अलावा नजदीकी आंगनबाडी केन्द्र की कार्यकर्ता, सरपंच, पार्षद, महिला बाल विकास पर्यवेक्षक, परियोजना अधिकारी, स्थानीय नेताओं को भी सूचना दे सकते है बाल विवाह एक अपराध है, बाल विवाह की सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाती है। अगर अपने आसपास बाल विवाह होने की सूचना मिले तो इन सब माध्यमों से और बच्चों के लिए काम करने वाली किसी नजदीकी संस्था या बीजादूतीर स्वयं सेवक के माध्यम से जानकारी दे सकते है।

## 11 किसानों ने बेचा 500 क्विंटल धान...





**जगदलपुर।** लेम्पस जगदलपुर के अंतर्गत धान खरीदी केंद्र कुरंदी में मंगलवार को काफी गहमा गहमी रही। बड़ी संख्या में पहुंचे किसान अपनी धान का तौल कांटा करा रहे थे। खरीदी केंद्र प्रभारी हरेश सेठिया ने बताया कि धान खरीदी के पहले दिन 14 नवंबर को एक मात्र किसान ने 31.60 क्विंटल धान बेचा था उसके 12 दिन बाद आज 11 किसान 500 क्विंटल धान बेचने पहुंचे। वैसे 12 किसानों ने टोकन प्राप्त किया था जिसमें एक किसान लखमू लिटी नहीं पहुंचा। खरीदी केंद्र में किसानों के लिए पेयजल की व्यवस्था की गई है।




## भगत सिंह स्कूल में संविधान की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भगत सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना

■ अंबेडकर पार्क में नुक्कड़ नाटक का आयोजन

एवं शपथ दिलाई गई। संविधान दिवस के कार्यक्रम में प्राथमिक माध्यमिक और हायर सेकेंडरी स्कूल के समस्त विद्यार्थी गण एवं शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। शाला के व्याख्याता चंद्र प्रकाश देवांगन ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए संविधान की शपथ दिलाई। कक्षा ग्यारहवीं की छात्र कुमारी महिमा ने संविधान दिवस पर कविता पाठ किया एवं संविधान की रूपरेखा एवं संविधान की महत्ता पर प्रकाश



डालते हुए हुए अपने लेख प्रकाशित किया। व्याख्याता देवांगन ने बताया कि 2015 में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 125 में जयंती के अवसर पर संविधान दिवस मनाने की परंपरा भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरुआत की। तब से प्रति वर्ष हम 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाते आ रहे हैं। संविधान भारत की आत्मा है। यह संपूर्ण प्रभूतत्व संपन्न भारतीय गणराज्य की घोषणा करता है और संविधान के नियमों से भारत के सभी नागरिकों का परिचय कराता है।

प्राचार्य विनीता बेंजामिन सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को संविधान दिवस की उपयोगिता बताते हुए शुभकामनाएं दी। व्याख्याता किरण चौहान ने संविधान दिवस पर अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। व्याख्याता अनिल शुक्ला ने संविधान दिवस पर अपने स्वरचित कविता का पाठ करते हुए नारे लगाए। व्याख्याता नीतू शर्मा ने रंगोली, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन विद्यार्थियों से करवाया।

रंगोली प्रतियोगिता में कुमारी कविता, महिमा, हर्षिता, साक्षी, माहेश्वरी, कल्पना, वासिनी, सपना, नेहा और चित्रकला में हरीश, सुनेमियां, हेमंत प्रीत राज, लवेश, दिव्या, वंदना बघेल, लक्ष्मी बिस्वाल, लक्ष्मी साहू, हर्षिता, खुशबू, नंदिनी, अरुण आदि विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर अंबेडकर पार्क में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। संविधान दिवस पर गीत गीता से ना चलता है,ना चलता है कुरान से, मेरा भारत चलता है ,भारत के संविधान से गीत प्रस्तुत किया गया। जिसे सारे बच्चों एवं शिक्षकों ने गाया। मानव श्रृंखला बनाकर हर्षोल्लास के साथ संविधान दिवस कार्यक्रम का समापन हुआ।

